कार्यालय–प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, भिण्ड (म.प्र.)

ज्ञापन

क्रमांक 2576 / लाईब्रेरी / 2025 भिण्ड, दिनांक 08/7/2025

प्रति,

प्रभारी अधिकारी,
कम्प्यूटर अनुभाग,
भिण्ड (म0प्र0)

विषयः– स्टेशनरी एवं लेखन साम्रगी क्रय करने निविदा सूचना के संबंध में।

उपरोक्त विषान्तर्गत यथा निर्देशनुसार अनुरोध है कि जिला एवं सत्र न्यायालय, भिण्ड में वित्तीय वर्ष 2025–26 हेतु स्टेशनी एवं लेखन सामग्री के क्रय बावत् सीलबंद निविदायें आमंत्रित किये जाने हेतु मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय की वेबसाइट www.mphc.gov.in, www.mptenders.gov.in एवं जिला न्यायालय भिण्ड की वेबसाइट www.districts.ecourts.gov.in/bhind पर अपलोड करने हेतु माननीय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश महोदय भिण्ड के निर्देश प्राप्त हुये है।

अतः GeM Portal अथवा MP tender Portal पर निविदा आमंत्रित किये जाने एवं निविदा की सूचना मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय की वेबसाइट www.mphc.gov.in, जिला न्यायालय भिण्ड की वेबसाइट www.districts.ecourts.gov.in/bhind पर अपलोड किये जाने हेतु JSA, कम्प्यूटर अनुभाग को निर्देशित किये जाने का कष्ट करे।

संलग्नः– उपरोक्तानुसार निविदा प्रपत्र

वास्ते– प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश,
भिण्ड (म0प्र0)

पृष्ठाकन क्रमांक भिण्ड, दिनांक

प्रतिलिप–

अध्यक्ष, क्रय समिति कार्यालय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायालय, भिण्ड (म0प्र0) की ओर सूचनार्थ प्रेषित।

वास्ते– प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश,
भिण्ड (म0प्र0)

कार्यालय–प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश,

भिण्ड (म.प्र.)

क्रमांक 2576 / लाईब्रेरी / 2025 भिण्ड, दिनांक 08/7/25

// निविदा सूचना //

जिला एवं सत्र न्यायालय, भिण्ड में वित्तीय वर्ष 2025–26 हेतु लेखन सामग्री के क्रय बावत् सीलबंद निविदायें आमंत्रित की जाती है। इच्छुक व्यापारी / विक्रेता / निर्माता अपनी निविदायें सीलबंद कर पूर्ण जानकारी सहित जिला एवं सत्र न्यायालय भिण्ड में दिनांक **29.07.2025** को दोपहर **02:00 बजे** तक आवक / जावक शाखा में जमा कर सकते है। प्राप्त निविदायें दिनांक **01.08.2025** को **सायं 05.00** बजे समिति के समक्ष निविदाकर्ता / प्रतिनिधि के समक्ष खोली जाएगी। निविदायें प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश भिण्ड के नाम से प्रस्तुत की जावेगी। निविदा की शर्तें एवं सामग्री की सम्पूर्ण जानकारी मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय की वेबसाइट www.mphc.gov.in, www.mptenders.gov.in एवं जिला न्यायालय भिण्ड की वेबसाइट www.districts.ecourts.gov.in/bhind पर भी उपलब्ध है, जहा से निविदा प्रारूप एवं शर्तें डाउनलोड की जा सकती है।

8.7.25

वास्ते– प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश,
भिण्ड (म0प्र0)

–: परिशिष्ट–ए :–

लेखन सामग्री की सूची:–

क्र.	सामग्री	कंपनी का नाम	साइज	संभावित सामग्री	जीएसटी प्रतिशत	राशि जीएसटी सहित
1.	फोटोकॉपी पेपर	प्रतिष्ठत कंपनी	A4, 75 GSM	3000 पैकेट		
2.	जजमेंट पेपर ग्रीन	प्रतिष्ठत कंपनी	A4, 75 GSM	500 पैकेट		
3.	क्राफ्ट पेपर	Best Quality	36x46	500 नग		
4.	आलपिन 50 ग्राम	Best Quality	-	100 डिब्बी		
5	स्टेपलर पिन छोटी	Best Quality	-	300 डिब्बी		
6	स्टेपलर पिन बड़ी	Best Quality	-	200 डिब्बी		
7	फाईल लैस	Best Quality	9X24	300 लच्छी		
8	लिफाफा सफेद	Best Quality	11x5 -80 GSM	500 नग		
9	लिफाफा सफेद	Best Quality	9x4 -80 GSM	1000 नग		
10	लिफाफा ब्राउन	Best Quality	11x5	2000 नग		
11	लिफाफा ब्राउन	Best Quality	9x4	5000नग		
12	पेड इंक	Best Quality	100ml	200 नग		
13	स्टाम्प पेड	Best Quality	Medium size 11.6x6.5 cm	100 नग		
14	स्टाम्प पेड	Best Quality	Large size No1 160mm x 97mm	50 नग		
15	रजिस्टर 6 दस्ते	Best Quality	8.5x13.5	100 नग		
16	रजिस्टर 4 दस्ते	Best Quality	8.5x13.5	100 नग		
17	रजिस्टर 2 दस्ते	Best Quality	8.5x13.5	50 नग		
18	उस्थिति रजिस्टर 2 दस्ते	Best Quality	8.5x13.5	50 नग		
19	सेलो टेप	Best Quality	1 inch	300 नग		
20	सेलो टेप	Best Quality	2 inch	100 नग		
21	सूजा (बडा)	Best Quality	लकड़ी डंडी का	100 नग		
22	गोंद	Best Quality	100 ML	50 बॉटल		

क.	सामग्री	कंपनी का नाम	साइज	संभावित सामग्री	जीएसटी प्रतिशत	राशि जीएसटी सहित
23	फ्लेग स्लीप	Best Quality	-	200 नग		
24	स्टेनो बुक (200 पृष्ठ)	Best Quality		100		
25	चपडी	Best Quality	400gm	05		
26	केलक्यूलेटर	Best Quality	12 Digit	10 नग		
27	स्टेपलर बडा	Best Quality	-	05		
28	स्टेपलर छोटा	Best Quality	-	30		
29	फाईल पेड लेस युक्त	Best Quality	10x15	500 नग		
30	टेबिल ग्लास	Best Quality	3.5x2.5, 8mm	10 नग		
31	टेबिल ग्लास	Best Quality	2x2.5, 8mm	20 नग		
32	1. मार्कर पेन 2. पतला मार्कर पेन	Best Quality		30 नग		
33	पेन स्टैण्ड	Best Quality	Standard size	30 नग		
34	हाईलाइटर पेन	Best Quality	-	30		
35	लिफाफा पीले केनवास	Best Quality	लीगल साइज	100		
36	लिफाफा पीले केनवास	Best Quality	ए–4 साइज	200		
37	लिफाफा पीले केनवास	Best Quality	Big size 12x16	50		
38	लिफाफा पीले केनवास	Best Quality	11x5	100		
39	स्पंज डंपर	Best Quality		50		
40	कैंची (बडी) प्लास्टिक के हत्थे वाली	Best Quality	Midiam size	30		
41	कटर	Best Quality	Large	30		
42	मुद्देमाल हेतु कपडा(लट्ठा)	Best Quality		5 मीटर		
43	फाईल फोल्डर (छोटे व बडे) जूट	Best Quality	Legal or A4 size	30		
44	फाईल फोल्डर (छोटे व बडे) रेगजीन	Best Quality	Legal or A4 size	20		
45	फाईल कवर	Best Quality	9x14	2000		

क.	सामग्री	कंपनी का नाम	साइज	संभावित सामग्री	जीएसटी प्रतिशत	राशि जीएसटी सहित
46	यूज एंड थ्रो बॉल पेन– लाल, नीला	Best Quality		500		
47	स्पायरल डायरी	Best Quality	50 पेज	50		
48	आह्वान घंटी (Calling bell)	Best Quality	.	30		
49	रबर सील (लकडी की)	प्रत्येक लाईन रेट		आवश्यकतानुसार		
50	रबर सील गोल (लकडी की)	प्रत्येक नग रेट		आवश्यकतानुसार		

टीपः–

1. उपरोक्त तालिका में निविदाकर्ता द्वारा प्रदाय की जाने वाली सामग्री की कम्पनी का नाम दर्शित किया जावे।

8.7.25

वास्ते– प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश,
भिण्ड (म0प्र0)

निविदाकर्ता के हस्ताक्षर

नाम एवं पताः–

परिशिष्ट– बी

तकनीकी विड में प्रस्तुत किऐ जाने वाले दस्तावेज

कमांक	दस्तावेजों का विवरण	रिमार्क
1	वित्तीय तकनीकी विड एवं ई.एम.डी. के अलग अलग लिफाफे	
2	ई.एम.डी / डी.डी. / एम.डी.आर. कमांक दिनांक एवं राशि का विवरण	
3	पेन नंबर	
4	आयकर विवरण	
5	जीएसटी रजिस्ट्रेशन	
6	MP Treasury के माध्यक से शासन का हैड में जमा कर चालान राशि 250 /–	

निविदाकर्ता के हस्ताक्षर

नाम एवं पता:–

कार्यालय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, जिला भिण्ड (म.प्र.)

:: निविदा शर्तें::

निविदा शर्तें:–

1. सील बंद निविदायें **"प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश भिण्ड"** के नाम से दिनांक 29.07.2025 को दोपहर 2:00 बजे तक प्राप्त हो जाना चाहिए। उक्त निविदा दिनांक 01.08.2025 को सांय 5:00 बजे निविदाकर्ताओं के समक्ष जिला न्यायालय में गठित क्रय समिति द्वारा खोली जाएगी। निविदाकर्ता द्वारा निविदाएं दो सील बंद लिफाफें में प्रस्तुत की जावेगी जिसमें एक लिफाफा तकनीकी निविदा एवं दूसरा लिफाफा वित्तीय निविदा का होगा। तकनीकी निविदा में पात्र निविदाकर्ताओं की ही वित्तीय निविदा के संबंध में समिति द्वारा विचार किया जायेगा।

2. जिस सामग्री के संबंध में निविदा प्रस्तुत की जा रही है, उसका नाम निविदा फार्म पर स्पष्ट लिखा जावे।

3. नियत दिनांक एवं समय के पश्चात निविदा प्राप्त होने पर विचार नहीं किया जावेगा।

4. आदेश अनुसार सामग्री न्यायालय तक पहुंचाए जाने का समस्त दायित्व निविदाकर्ता का होगा।

5. प्रधान जिला न्यायाधीश भिण्ड को यह अधिकार होगा कि निविदा खोलते समय यदि किसी सामग्री की दर अन्य निविदाकर्ता द्वारा प्रस्तुत दरों से अपेक्षाकृत कम है तो ऐसी स्थिति में दरों के आधार पर एक से अधिक निविदाकर्ताओं से पृथक पृथक अनुबंध किया जा सकता है एवं बिना कोई कारण बताए किसी भी निविदा अथवा सभी निविदाओं को निरस्त कर सकते है।

6. निविदा में प्रत्येक सामग्री किस कंपनी द्वारा निर्मित है, सामग्री का साईज नाप, तौल आदि निविदा में अंकित करना अनिवार्य है।

7. निविदा एवं निविदा के साथ संलग्न सभी दस्तावेजों में निविदाकर्ता के हस्ताक्षर व सील होना आवश्यक है।

8. निविदाकर्ता द्वारा दी गई सूची की सामग्री आवश्यकतानुसार स्वीकृत दर एवं मात्रा पर प्रदाय करने हेतु निर्धारित तिथि तक बाध्य होगा।

9. प्रदाय की गई कोई भी सामग्री चाही गई कंपनी की न होने पर अथवा उससे निम्न स्तर की होने की दशा में ऐसी सामग्री निविदाकर्ता को अपने व्यय पर वापस उठाना होगा तथा कंपनी के अनुसार सामग्र अतिशीघ्र प्रदाय करनी होगी।

10. निविदा में प्रत्येक सामग्री का स्पष्ट विवरण होना चाहिए, एवं प्रत्येक सामग्री का सेम्पल होना चाहिए, जो सेम्पल प्रस्तुत नहीं करेगा, उसकी निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा।

11. निविदा से सम्बंधित शर्ते एवं प्रदाय किए जाने वाले सामान की सूची मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय जबलपुर की वेबसाइट www.mphc.gov.in, www.mptenders.gov.in एवं जिला न्यायालय भिण्ड की वेबसाइट www.districts.ecourts.gov.in/bhind से डाउनलोड की जा सकती है।

12. निविदा आवेदन पत्र मय शर्तो एवं सामग्री सूची तथा राशि 250/– MP Treasury आनलाईन के माध्यम से शासन का हैड '0070–01–800–0000' में जमा कर चालान की मूलप्रति प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश भिण्ड के नाम से प्रस्तुत की जायेगी तथा राशि 250/– किसी भी स्थिति में वापसी योग्य नहीं होगी।

13. सामग्री का आदेश प्राप्त होने पर सामग्री निर्धारित अवधि में प्रदाय करनी होगी।

14. निविदा की दरें अनुबंध दिनांक से केवल चालू वित्तीय वर्ष 2025–26 तक के लिए मान्य होगी एवं अनुबंध आपसी समझौते पर और विक्रेता के संतोषजनक प्रदर्शन के अधीन अनुमोदित दरों पर आगामी नियमानुसार बढाया जा सकता है। सफल निविदाकर्ता द्वारा जिला न्यायालय से अनुबंध किया जाना आवश्यक होगा। अनुबंध का व्यय सफल निविदाकर्ता द्वारा वहन किया जायेगा।

15. निविदाकर्ता, वाणिज्यकर/जीएसटी पंजीयन होने का जीवित प्रमाण–पत्र की छायाप्रति संलग्न करें तथा साथ ही फर्म ने आयकर अदा किया है उस पर कोई कर बकाया नहीं है स्पष्ट करें।

16. निविदाकर्ताओं को निविदा की प्रतिभूति (Earnest Money Deposit) क्रय की जाने वाली सामग्री के रूप में 10000/– (अक्षरी रूपये दस हजार मात्र) की प्रतिभूति (ईएमडी) डी.डी./एफडीआर के रूप में निविदा के साथ जमा करनी होगी, जो कि जुलाई 2026 तक वैध हो। असफल निविदाकर्ताओं की निविदा प्रतिभूति (ईएमडी) राशि निविदा की अंतिम तिथि के समाप्ति के अधिकतम 30 दिवस के अंदर लौटाई जावेगी।

17. सफल निविदाकर्ता से आवश्यकतानुसार निष्पादन प्रतिभूति (Performance Guarantee) संविदा के मूल्य का 03% होगी, जिसकी वैधता अवधि न्यूनतम 60 दिवस का होना आवश्यक होगा जिसे डीडी/एफडीआर के रूप में निविदा के साथ जमा करनी होगी। निष्पादन प्रतिभूति (Performance Guarantee) प्राप्त होने पर सफल निविदाकर्ता की निविदा प्रतिभूति (ईएमडी) लौटाई/समायोजित की जायेगी।

18. सभी लेखन सामग्री के ब्रान्डेड/नॉन ब्रान्डेड के नमूने निविदा खोली जाते समय निविदा समिति द्वारा मांगे जाने पर प्रस्तुत करना होगा।

19. किसी भी शर्त के भंग होने पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश भिण्ड को अनुबंध निरस्त करने का पूर्ण अधिकार होगा तथा सुरक्षा निधि राजसात कर ली जायेगी।

20. शासन द्वारा लागू जीएसटी की दरें अधिक या कम होने पर विचारणीय होगा।

21. सम्पूर्ण सामग्री की दरें समस्त करों सहित दी जाये।

22. **वित्तीय/तकनीकी लिफाफेः–** निविदाकर्ता पृथक–पृथक वित्तीय, तकनीकी एवं निविदा प्रतिभूति (ईएमडी) की राशि वाले लिफाफे तैयार कर उन पर वित्तीय, तकनीकी विड, ईएमडी लेख करते हुए उक्त तीनों लिफाफों को चौथे लिफाफे में मुहरबंद कर निविदा पुस्तत की जाएगी।

23. निवदा खोली जाते समय सर्वप्रथम तकनीकी विड एवं ईएमडी की राशि के लिफाफे खोले जाएंगे जिस निविदाकर्ता द्वारा ईएमडी की राशि एवं तकनीकी विड से संबंधित चाहे गए आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए जाएंगे उन निविदाकर्ताओं की निविदा पर वित्तीय विड के संबंध में कोई विचार नहीं किया जावेगा। तकनीकी विड में सफल निविदाकर्ताओं के ही वित्तीय पेड के लिफाफे खोले जाएंगे।

24. निविदा द्वारा सामग्री की जो भी दरें दी गई है, वह एक वर्ष के लिए यथावत रहेगी। निविदाकारों द्वारा किसी भी वस्तु की दर बढाने हेतु किसी भी प्रकार का विचार नहीं किया जावेगा।

25. लेखन सामग्री की सूची में दर्शायी गयी मात्रा अनुमानित है, जिसमें कमी या वृद्धि हो सकती है। जिसे समय समय वित्त वर्ष 2025–26 में उपलब्ध आवंटन राशि अनुसार क्रय किया जावेगा।

26. निविदा प्रस्तुत करते समय निविदा से संबंधित आवश्यक जानकारी हेतु ग्रंथपाल, ग्रंथालय अनुभाग भिण्ड के मोबाईल नंबर 9827567153 पर संपर्क किया जा सकता है।

वास्ते– प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश,
भिण्ड (म0प्र0)

निविदाकर्ता के हस्ताक्षर

नाम एवं पता:–